No. of Printed Pages : 3

एम.एच.डी.-4

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

एम.एच.डी.-4 : नाटक और अन्य गद्य विधाएँ

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) सभी धर्म, समय और देश की स्थिति के अनुसार विवृत्त होते रहे हैं और होंगे । हम लोगों को हठधर्मिता से उन आगंतुक क्रमिक पूर्णता प्राप्त करने वाले ज्ञानों से मुँह न फेरना चाहिए । हम लोग एक ही मूल धर्म की दो शाखाएँ हैं । आओ, हम दोनों विचार के फूलों से दुःख दग्ध मानवों का कठोर पथ कोमल करें ।

(ख) यह आत्महत्या होगी प्रतिध्वनित
इस पूरी संस्कृति में
दर्शन में, धर्म में, कलाओं में
शासन-व्यवस्था में
आत्मघात होगा बस अंतिम लक्ष्य मानव का

(ग) नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है । वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है । रूप व्यक्ति – सत्य है, नाम समाज – सत्य । नाम उस पद को कहते हैं जिस पर समाज की मुहर लगी होती है । आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल सैक्शन' कहा करते हैं ।

(घ) श्रद्धेय के भी दर्ज़े होते हैं । तीसरे दर्ज़े का श्रद्धेय प्रेरणा नहीं देता । वह शर्म देता है । गाँधीजी की बात अलग थी । वे तीसरे को भी पहले दर्ज़े की महिमा दे देते थे । हम तो पहले दर्ज़े में बैठकर भी तीसरे की हीनता अनुभव करते हैं । संत और बुद्धिजीवी में यही फ़र्क है ।

(ङ) सम्पत्ति ने मनुष्य को क्रीतदास बना लिया है । उसकी सारी मानसिक, आत्मिक और दैहिक शक्ति केवल सम्पत्ति के संचय में बीत जाती है । मरते दम भी हमें यही हसरत रहती है कि हाय इस सम्पत्ति का क्या हाल होगा । हम सम्पत्ति के लिए जीते हैं, उसी के लिए मरते हैं ।

2. हिन्दी नाट्य परंपरा में 'अंधेर नगरी' का स्थान निर्धारित कीजिए । *16*

3. " 'स्कन्दगुप्त' में इतिहास और कल्पना का सुंदर समन्वय है ।" इस कथन की समीक्षा कीजिए । *16*

4. 'आधे-अधूरे' की रंगमंचीय संभावनाओं पर विचार कीजिए । *16*

5. 'अंधायुग' की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए । *16*

6. नुक्कड़ नाटक की दृष्टि से 'औरत' का मूल्यांकन कीजिए । *16*

7. 'ठकुरी बाबा' को ध्यान में रखते हुए महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों की विशेषताएँ बताइए । *16*

8. 'धोखा' निबंध की अंतर्वस्तु का विश्लेषण कीजिए । *16*

9. 'संस्कृति और जातीयता' निबंध में व्यक्त विचारों का मूल्यांकन कीजिए । *16*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×8=16*

    (क) 'अंधायुग' का राजनीतिक परिप्रेक्ष्य

    (ख) 'लोभ और प्रीति' की भाषा

    (ग) रेखाचित्र

    (घ) 'अदम्य जीवन'